हल्द्वानी (नैनीताल) एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित

समाचारों को विस्तार से व तत्काल पढ़ने के लिए क्लिक करें
Web:- www.jokhimnews.com
सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड में "A" श्रेणी में सूचीबद्ध

# जोखिम

भय भूख एवम् भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्षरत् निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वर्ष : 16 अंक : 89 | हल्द्वानी (नैनीताल) सोमवार 09 फरवरी 2026 | मूल्य रू 2 | पृष्ठ : 8

## परीक्षा जीवन की यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव-जिलाधिकारी

हल्द्वानी संवाददाता. /जिला प्रशासन नैनीताल समस्त परीक्षार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, मानसिक संतुलन एवं सफल परीक्षा की कामना करता है। जिलाधिकारीनैनीताल/हल्द्वानी/ आगामी बोर्ड परीक्षाओं के अवसर पर जिला अधिकारी ललित मोहन रयाल ने जिले के समस्त परीक्षार्थियों को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए परीक्षार्थियों तथा उनके अभिभावकों से परीक्षा के मद्देनजर संयम, धैर्य और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने की अपील की है।जिला अधिकारी ने अपने संदेश में कहा कि परीक्षा जीवन की यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव अवश्य है, किंतु इसे भय, तनाव अथवा असहनीय दबाव का कारण नहीं बनने दिया जाना चाहिए। परीक्षाएँ ज्ञान और अभ्यास की परख होती है, न कि किसी छात्र के व्यक्तित्व, प्रतिभा या भविष्य का अंतिम निर्णय।उन्होंने परीक्षार्थियों से आग्रह किया कि वे अपनी दिनचर्या को सरल, संतुलित और नियमित रखें। पर्याप्त विश्राम, समयबद्ध अध्ययन और स्वस्थ मन:स्थिति के साथ परीक्षा देने से ही वास्तविक क्षमता का श्रेष्ठ प्रदर्शन संभव हो पाता है। अत्यधिक अंक प्राप्त करने की चिंता कई बार सहज ज्ञान को भी बाधित कर देती है, जबकि स्वाभाविक और शांत मन से किया गया प्रयास अधिक प्रभावी सिद्ध होता है।जिलाधिकारी ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे बच्चों पर अनावश्यक अपेक्षाओं का बोझ न डालें। इस समय बच्चों को दबाव या भय नहीं, बल्कि विश्वास, सहारा और स्नेह की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी की क्षमता भिन्न होती है और सफलता के मार्ग भी अनेक हैं, यह समझ विकसित करना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।जिला अधिकारी ने यह भी कहा कि अंक जीवन का एक पड़ाव निर्धारित कर सकते हैं, किंतु जीवन की दिशा नहीं। संयम, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच ही दीर्घकालीन सफलता की आधारशिला होती है।



## भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कांग्रेस के आरोप राजनीतिक हताशा से प्रेरित

अल्मोड़ा संवाददाता. समीक्षा बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति को लेकर कांग्रेस की आपत्ति पर भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि वह केवल भाजपा जिलाध्यक्ष ही नहीं, बल्कि जनता द्वारा निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य भी हैं और दोनों दायित्वों का निर्वहन करना उनकी जिम्मेदारी है। महेश नयाल ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि के रूप में समीक्षा बैठक में उपस्थित रहकर क्षेत्र की जनता की समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखना और उनका समाधान कराना उनका नैतिक और संवैधानिक दायित्व है। उन्होंने कांग्रेस के आरोपों को भ्रामक, तथ्यहीन और राजनीतिक हताशा से प्रेरित बताया। उनका कहना है कि किसी भी जनप्रतिनिधि का प्रशासनिक या समीक्षा बैठक में शामिल होना न तो गलत है और न ही असंवैधानिक। उन्होंने कहा कि यह कोई नई परंपरा नहीं है और पूर्व में कांग्रेस सरकारों के कार्यकाल में भी पार्टी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि ऐसी बैठकों में शामिल होते रहे हैं। महेश नयाल ने स्पष्ट किया कि पंचायती राज व्यवस्था के तहत निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। उन्होंने यह भी कहा कि समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकांश लोग ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्य थे, जिनका कर्तव्य है कि वे अपने क्षेत्र की समस्याएं और विकास कार्यों से जुड़ी बातें अधिकारियों के सामने रखें। महेश नयाल ने कहा कि कांग्रेस के पास अब कोई जनहित का मुद्दा नहीं बचा है और विकास कार्यों से विचलित होकर वह ऐसे आरोप लगा रही है। उन्होंने दोहराया कि जनता की आवाज को प्रशासन तक पहुंचाना उनका अधिकार ही नहीं, बल्कि कर्तव्य है, जिसे वे आगे भी निभाते रहेंगे।

## देवस्थल मंदिर में विराट हिंदू सम्मेलन, हिंदुत्व और सामाजिक समरसता पर मंथन

अल्मोड़ा संवाददाता. जनपद के पावन देवस्थल मंदिर परिसर में रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता, स्वयंसेवक, युवा और मातृशक्ति शामिल हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद बृहस्पति गिरी महाराज ने हिंदुत्व विषय पर संबोधन करते हुए सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि यह समरसता, सेवा और संस्कार पर आधारित जीवन पद्धति है। वर्तमान समय में सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा और समाज को एकजुट रखना सभी का दायित्व है। उन्होंने युवाओं से परंपराओं को समझते हुए संतुलित रूप से आगे बढ़ने का आह्वान किया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता डॉ. लक्ष्मण सिंह भोज और भावना मल्होत्रा ने अपने विचार रखे। डॉ. भोज ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उद्देश्यों और समाज निर्माण में उसकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण ही संघ का मूल लक्ष्य है। भावना मल्होत्रा ने सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन और नागरिक कर्तव्यों पर जोर देते हुए कहा कि सशक्त परिवार और सशक्त समाज से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है।

## विकसित भारत की नींव रखता है केंद्रीय बजट: अजय भट्ट

रुद्रपुर संवाददाता. भाजपा जिला कार्यालय रुद्रपुर में आयोजित प्रेसवार्ता में सांसद अजय भट्ट ने केंद्रीय बजट को देश के कायाकल्प की दिशा में मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने वाला दूरगामी विजन है, जिसमें किसान, युवा, महिला और मध्यम वर्ग केंद्र में हैं। भट्ट ने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि भारत आज खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों पर है। 35 करोड़ टन से अधिक का रिकॉर्ड उत्पादन और चावल के क्षेत्र में विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक बनना कृषि नीतियों की सफलता का प्रमाण है। दूध और मछली उत्पादन में भी भारत अग्रणी देशों में शामिल हो चुका है। उन्होंने बताया कि भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता देश है। चालू वित्तीय वर्ष के पहले पांच महीनों में ही एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के स्मार्टफोन निर्यात ने 'आत्मनिर्भर भारत' की मजबूती को दर्शाया है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के इंफ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण के लिए 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है, जिससे परिवहन सुविधाओं के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। मुद्रा योजना के तहत 38 लाख करोड़ रुपये का ऋण छोटे उद्यमियों को दिया गया, जिससे 12 करोड़ से अधिक लोगों को स्वरोजगार मिला। कहा पूर्वोत्तर के विकास के लिए 11,639 करोड़ रुपये का विशेष बजट स्वीकृत किया गया है। वंदे भारत ट्रेनों का विस्तार और चिनाब ब्रिज जैसे प्रोजेक्ट देश की बदलती तस्वीर को दर्शाते हैं।



## डीडीहाट कांग्रेस की नई कार्यकारिणी गठित

पिथौरागढ़ संवाददाता. डीडीहाट विधानसभा में कांग्रेस की नई कार्यकारिणी का गठन हो गया है। विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन की मजबूती के लिए 10 - 10 उपाध्यक्ष और महासचिव , 14 को सचिव, एक-एक महासचिव संगठन, कोषाध्यक्ष, जिला सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं कांग्रेस की एक अन्य सूची भी जल्द जारी होगी,जिसमें कार्यकर्ताओं को अहम दायित्व मिलने की संभावना है। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले डीडीहाट में नई कांग्रेस की टीम का गठन हो गया है। डीडीहाट में जिलाध्यक्ष मनोहर टोलिया ने युवाओं, बुजुर्गों व महिलाओं को शामिल कर 37 पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। चंचल बोरा को महासचिव संगठन व केदार राम वर्मा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मान सिंह मेहता, सुंदर राम जौहरी, दीपा रावत, हेमवंती पुष्पा भंडारी, चंचल चौहान, बंशीधर भट्ट, सोबन सिंह कार्की, राहुल रोकाया, सौरभ मर्तोलिया, नवीन चंद्र जोशी को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी।

## होसाइ शेयर में निवेश के नाम पर साइबर ठगी, पीड़ितों से लाखों की ठगी

अल्मोड़ा संवाददाता. जिले में होसाइ शेयर नामक निवेश एप के जरिए साइबर ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ताजा मामला सोमेश्वर कोतवाली क्षेत्र का है, जहां एक ग्रामीण से साइबर ठगों ने 50 हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित का कहना है कि कंपनी से जुड़े लोगों ने पहले क्षेत्र के कुछ स्थानीय युवकों को एजेंट बनाया और उनके माध्यम से ग्रामीणों को मोबाइल एप पर निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया। ग्रामीणों को बताया गया कि होसाइ शेयर एप में रकम लगाने पर नियमित और निश्चित लाभ मिलेगा। इसी भरोसे में आकर कई लोगों ने एप में पैसे लगाने शुरू कर दिए। पीड़ित ने भी शेयर में निवेश किया, लेकिन कुछ ही समय में लगभग 50 हजार रुपये की राशि ठगी का शिकार हो गई।

# सम्पादकीय

## भारत और ईयू वार्ता

डॉनल्ड ट्रंप के मूड के हिसाब से कभी बंद, तो कभी खुलते अमेरिकी बाजार के दरवाजों से परेशानी के दौर में भारत और ईयू ने उस वार्ता को अंजाम तक पहुंचाया है, जो 19 वर्षों से खिंच रही थी।डॉनल्ड ट्रंप के प्रहार झेल रही दुनिया में भारत और यूरोपियन यूनियन (ईयू) ने मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करके मजबूत संदेश दिया है। ट्रंप के मूड के हिसाब से कभी बंद, तो कभी खुलते अमेरिकी बाजार के दरवाजों से परेशानी के दौर में दोनों पक्षों ने उस वार्ता को अंजाम तक पहुंचाया है, जो 19 वर्षों से खिंच रही थी। इसके बावजूद एफटीए के लागू होने में अभी कम-से-कम एक वर्ष लगेगा। इसके तहत मिलने वाली रियायतों के संपूर्णतः लागू होने में तो सात साल लगेंगे। ईयू में ऐसे समझौतों पर मुहर लगने की प्रक्रिया दुरूह है। मसलन, अब समझौते के प्रारूप का वहां प्रचलित 24 भाषाओं में अनुवाद होगा। संबंधित देशों की हरी झंडी मिलने के बाद यूरोपीय संसद उसे पारित करेगी।उस प्रक्रिया से होकर निकले प्रारूप पर तब जाकर दस्तखत हो पाएंगे। चूंकि विवादास्पद मुद्दों को फिलहाल एफटीए से अलग रखा गया है, इसलिए संभावना है कि उपरोक्त प्रक्रियाएं निर्बाध पूरी हो जाएंगी। कृषि, निवेश संरक्षण, कार्बन टैक्स आदि फिलहाल एफटीए में शामिल नहीं हैं। पिछले वित्त वर्ष में भारत और ईयू के बीच व्यापार 136.5 बिलियन डॉलर का था। एफटीए लागू होने के बाद इसमें 41- 65 प्रतिशत तक वृद्धि होने का अनुमान है। अमेरिका के लगाए टैरिफ से भारत के जीडीपी को 1.6 फीसदी नुकसान का अंदाजा लगाया गया था। संभावना है कि उसमें से लगभग आधे की भरपाई ईयू से बढ़ने वाले व्यापार से हो जाएगी। इससे ईयू के वस्त्र बाजार में भारतीय उत्पाद बांग्लादेश और पाकिस्तान के उत्पादों का बाजार छीन पाएंगे। मगर महंगे वाहनों, नासपाती, कीवी, स्टील, फूड प्रोसेसिंग आदि के भारतीय कारोबार पर नकारात्मक प्रभाव भी पड़ेगा। बहरहाल, बदलती हुई दुनिया में निर्यात केंद्रित अर्थव्यवस्थाएं ऐसे ही उपायों से अपनी मुश्किलों से निकलने की जद्दोजहद कर रही हैं। पिछले हफ्ते दावो में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने आह्वान किया था कि मध्यम श्रेणी की ताकतें उत्पीड़न से बचने के लिए मिल-जुल कर रास्ता निकालें। उसी तरह की एक राह निकालने की कोशिश भारत-ईयू ने की है। इससे भविष्य को लेकर फिलहाल माहौल में सकारात्मकता आई है। इसमें एक मजबूत संदेश निहित है।

# जिन हाथों ने कभी बंदूक थामकर हिंसा को अंजाम दिया, वही प्रशिक्षण लेकर सीख रहे हुनर

**-नक्सल पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित 40 माओवादियों को आजीविका मूलक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा**

**-मुख्यधारा में लौटने के बाद चौगेल कैंप में दिया जा रहा विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण**

तारा शंकर

अगर कुछ कर गुजरने का जज्बा मन में हो तो जीवन में हर काम आसान हो जाता है। इस कथन को आत्मसमर्पित माओवादियों ने चरितार्थ किया है। जिन हाथों ने कभी बंदूक थामकर हिंसा की राह अख्तियार किया था, आज उन्हीं हाथों को राज्य की नक्सल पुनर्वास नीति के तहत कुशल और दक्ष बनाने की कवायद जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। शासन की मंशानुसार ग्राम चौगेल (मुल्ला) कैंप में प्रशिक्षण देकर-हिंसा से हुनर की ओर लौटे माओवादियों को नया जीवनदान मिल रहा है।आजीविका मूलक गतिविधियों का दिया जा रहा है प्रशिक्षणकभी माओवाद गतिविधियों में संलिप्त रहे युवक-युवतियों को अब ड्राइविंग, सिलाई, काष्ठशिल्प कला, सहायक इलेक्ट्रिशियन जैसे विभिन्न ट्रेड में सतत् प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे समाज की मुख्य धारा में लौटने के बाद आजीविका मूलक गतिविधियों में कुशल होकर बेहतर ढंग से सम्मान पूर्वक जीवन निर्वाह कर सके।चौगेल कैंप परिसर बना कौशलगढ़वर्षों से लाल आतंक के साए में हिंसा का दंश झेल रहा बस्तर संभाग अब विकास की ओर शनैः-शनैः आगे बढ़ रहा है और माओवाद का दायरा धीरे-धीरे सिमटता जा रहा है। छत्तीसगढ़ सहित देश को माओवाद से मुक्ति दिलाने केंद्र सरकार के संकल्प को पूरा करने प्रदेश सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। वहीं हथियार उठाने वालों को भविष्य गढ़ने का सुनहरा अवसर भी सरकार द्वारा दिया जा रहा है। आत्मसमर्पित/पीड़ित नक्सल पुनर्वास नीति-2025 के अंतर्गत उन्हें विभिन्न सृजनात्मक और रोजगारमूलक गतिविधियों के तहत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भानुप्रतापपुर विकासखंड से लगे ग्राम चौगेल (मुल्ला) का बीएसएफ कैम्प परिसर श्कौशलगढ़ बन गया है, जहां समाज की मुख्यधारा में लौटे 40 आत्मसमर्पित माओवादियों को अलग-अलग पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षित किया जा रहा है, साथ ही उन्हें शिक्षित भी किया जा रहा है। आवश्यकतानुसार कक्षा पहली से आठवीं तक के पाठ्यक्रमों का नियमित अध्ययन कराया जा रहा है, जिसमें रूचि लेते हुए सभी आत्मसमर्पित माओवादी अपने भविष्य को पूरी शिद्दत से गढ़ने में संलग्न हैं। 20-20 का बैच बनाकर उन्हें हुनरमंद बनाने के सतत प्रयास किए जा रहे हैं। ड्राइविंग सीखने का शौक अब पूरा हो रहा-मनहेर तारमचारपहिया वाहन चालन का प्रशिक्षण ले रहे आत्मसमर्पित माओवादी 40 वर्षीय श्री मनहेर तारम ने बताया कि पिछले दो सप्ताह से उन्हें ड्रायविंग की ट्रेनिंग दी जा रही है, जिसे वे पूरी रूचि के साथ सीख रहे हैं। ट्रेनर द्वारा स्टेयरिंग थामने से लेकर क्लच, ब्रेक व एक्सिलरेटर का प्रयोग करना सिखाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ड्रायविंग सीखने की चाहत अब पूरी हो रही है। इसके अलावा सिलाई और काष्ठशिल्प का प्रशिक्षण कैम्प में दिया जा रहा है। इसी तरह श्री नरसिंह नेताम ने बताया कि वह भी फोरव्हीलर की ड्रायविंग में अपना हाथ आजमा रहे हैं तथा यहां आकर ऐसी गतिविधियों से जुड़ रहे हैं, जिससे आगे का जीवन बेहतर हो सके। 19 साल के सुकदू पद्दा ने बताया कि यहां पिछले तीन महीने से ट्रेनिंग ले रहे हैं और खुद को आजीविका मूलक कार्यो से जोड़ रहे हैं, जबकि वह निरक्षर है। वहीं 19 वर्ष की कु. काजल वेड्डा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का अनुभव साझा करते हुए कहा कि यहां आकर अलग-अलग पाठ्यक्रमों में नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्हें बचपन से कपड़ों की सिलाई करने की इच्छा थी, यहां आकर वह भी पूरी हो रही है। वहीं शिक्षकों के द्वारा प्राथमिक शिक्षा का भी वह लाभ ले रही हैं। इसी तरह कैंप में रह रहे जगदेव कोमरा, राजू नुरूटी, बीरसिंह मण्डावी, मैनू नेगी, सनऊ गावड़े, मानकी नेताम, सामको नुरूटी, उंगी कोर्राम, रमोती कवाची, मानकेर हुपेंडी, डाली सलाम, गेंजो हुपेंडी सहित सभी आत्मसमर्पित माओवादी अपनी रूचि अनुसार ड्राईविंग, काष्ठशिल्प कला, सिलाई मशीन तथा सहायक इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में बेहतर ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा उनका नियमितरूप से स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यकतानुसार दवाईयां दी जाती हैं।

# सीपीआई के आधार वर्ष में बदलाव: क्या बदला है और यह क्यों जरूरी है

सौरभ गर्ग

महंगाई देश के सबसे अहम आर्थिक संकेतकों में से एक है, जिसे आम लोग रोजमर्रा की जिंदगी में सीधे महसूस करते हैं, जैसे घर का राशन, किराया और पेट्रोल-डीजल के खर्च में बढ़ोतरी से।उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) इसी महंगाई को मापता है। यह उन चीजों और सेवाओं के दाम देखता है, जिनका इस्तेमाल आम परिवार रोज करता है। सरल शब्दों में, सीपीआई आम आदमी की जिंदगी का आईना है। यह बताता है कि थाली में खाने का खर्च कितना बढ़ा, घर का किराया कितना हुआ, और काम पर जाने के लिए ईंधन कितना महंगा हुआ।सीपीआई भले ही एक आंकड़ा लगता हो, लेकिन यह सरकार को यह समझने में मदद करता है कि लोगों पर महंगाई का असली असर क्या है। इसी आधार पर वेतन, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े फैसले किए जाते हैं, ताकि जरूरी चीजें आम लोगों की पहुंच में बनी रहें।भारतीय रिजर्व बैंक भी ब्याज दर और महंगाई को नियंत्रित करने जैसे फैसलों के लिए सीपीआई आधारित महंगाई को ही सबसे मुख्य पैमाना मानता है। इसलिए जब सीपीआई जमीन की हकीकत सही तरीके से दिखाता है, तब सरकार और आरबीआई की नीतियाँ भी लोगों की असली परेशानियों के अनुसार बेहतर बन पाती हैं।महंगाई सिर्फ दाम बढ़ने का नाम नहीं है, बल्कि यह भी है कि दामों में बदलाव से घर के बजट पर कितना असर पड़ता है। इसलिए जितना जरूरी दामों को मापना है, उतना ही जरूरी यह भी है कि महंगाई का सूचकांक लोगों की आज की खर्च करने की आदतों को सही तरीके से दिखाए। इसी संदर्भ में भारत में सीपीआई के आधार वर्ष को 2012 से बदलकर 2024 किया जा रहा है।पिछली बार आधार बदले जाने के बाद देश की अर्थव्यवस्था में बहुत बदलाव आया है। शहरों की आबादी बढ़ी है, सेवाओं का क्षेत्र बढ़ा है, डिजिटल प्लेटफॉर्म के कारण खरीदारी का तरीका बदला है और घरों का खर्च अब कई नई चीजों पर होने लगा है।इसीलिए नया सीपीआई 2024 तैयार करने में 2023-24 के घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण के आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया है।समय के साथ लोगों की जरूरतें और खर्च बदलते हैं, इसलिए सीपीआई में अलग-अलग वस्तुओं और सेवाओं को दी जाने वाली अहमियत भी बदली गई है। जिन चीजों पर अब परिवार ज्यादा खर्च करते हैं, उन्हें सीपीआई में ज्यादा महत्व दिया गया है,और जिन पर खर्च कम हो गया है, उन्हें कम महत्व दिया गया है।इससे सीपीआई वही महंगाई दिखाता है, जो सच में आम परिवार के बजट को प्रभावित करती है। साथ ही, उपभोग की टोकरी (कंजम्पशन बास्केट) को भी बदला गया है, ताकि सेवाओं पर बढ़ते खर्च जैसे नए रुझान दिखाई दे सकें, जो बढ़ती आय और बदलती जीवनशैली की वजह से बढ़ रहे हैं। सीपीआई को मापने का तरीका अपडेट करना भी उतना ही जरूरी है, जितना यह तय करना कि उसमें क्या-क्या शामिल किया जाए।

नया संशोधित सीपीआई अब अंतरराष्ट्रीय मानकों के ज्यादा करीब है, लेकिन इसमें भारत से जुड़ी खास बातें भी बनी हुई हैं। इससे भारत की महंगाई की तुलना दूसरे देशों से करना आसान हो जाता है।आम परिवार के लिए इसका मतलब यह है कि सरकार और नीति बनाने वाले लोग यह बेहतर समझ पाते हैं कि भारत में दामों में होने वाला दलाव दुनिया के हालात से कैसे जुड़ा है, और साथ ही यह भी ध्यान रहता है कि रोजमर्रा की जिंदगी पर क्या असर पड़ रहा है।सीपीआई के लिए आंकड़े जुटाने का तरीका भी अब लोगों की बदलती खरीदारी और खर्च की आदतों के अनुसार बेहतर बनाया गया है। जहां पहले की तरह बाजारों से दाम इकट्ठा किए जाते रहेंगे, खासकर खाने-पीने और जरूरी चीजों के, वहीं 2024 के नए ढांचे में अब कुछ सेवाओं के ऑनलाइन दाम भी शामिल किए जा रहे हैं। जैसे मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं, हवाई टिकट और कुछ अन्य सेवाओं के दाम अब ऑनलाइन स्रोतों से भी लिए जाएंगे।नई सीपीआई श्रृंखला में अब कंप्यूटर की मदद से दाम इकट्ठा किए जा रहे हैं। इससे हाथ से होने वाली गलतियाँ कम हुई हैं और तुरंत जाँच भी हो जाती है। इससे दामों से जुड़े आंकड़ों की गुणवत्ता और समय पर उपलब्धता दोनों बेहतर हुई हैं। सीपीआई के आंकड़े सही और समय पर मिलना बहुत जरूरी है, क्योंकि इसी के आधार पर ऐसे फैसले होते हैं, जो सीधे आम आदमी की जिंदगी को प्रभावित करते हैं, जैसे कर्ज कितना महंगा होगा, बचत पर कितना ब्याज मिलेगा, और बढ़ती महंगाई से घर का बजट कैसे प्रभावित होगा।नए आधार वर्ष की सीपीआई में अब कई मामलों में सरकारी स्रोतों से मिलने वाले आधिकारिक आंकड़ों का ज्यादा इस्तेमाल किया जा रहा है। जैसे रेल किराया, डाक शुल्क, ईंधन के दाम और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत बिकने वाली चीजें। इससे इन दामों को पहले से ज्यादा सही तरीके से दर्ज किया जा रहा है और बाजार सर्वे में होने वाली गलती या पक्षपात की संभावना भी कम हो जाती है।अब सर्वे के आंकड़े, सरकारी रिकॉर्ड और डिजिटल माध्यमों से मिलने वाले दाम, तीनों को मिलाकर सीपीआई तैयार की जा रही है। यह पुरानी व्यवस्था की तुलना में बड़ा सुधार है और इससे दामों में होने वाले बदलाव की ज्यादा भरोसेमंद तस्वीर मिलती है।इतने बड़े स्तर पर सीपीआई के आधार वर्ष में बदलाव करना एक बहुत बड़ा संस्थागत प्रयास होता है। इसमें देश भर के फील्ड दफ्तरों, सांख्यिकी विभागों और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ संस्थाओं के बीच तालमेल जरूरी होता है। इस पूरी प्रक्रिया में मेथडोलॉजी की गहराई से जाँच की जाती है, अलग-अलग विकल्पों को परखा जाता है और अर्थशास्त्रियों व विषय-विशेषज्ञों से सलाह ली जाती है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने विशेषज्ञ समूहों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और अन्य संबंधित पक्षों से बातचीत की है, ताकि किए गए बदलाव साफ, समझने में आसान और वैज्ञानिक रूप से सही हों।

हिन्दी दैनिक जोखिम

संक्षिप्त समाचार...

## गन्ना बुआई की तैयारियों में जुटे किसान

रुड़की संवाददाता. गन्ने की फसल की बसंत कालीन बुआई का समय नजदीक आते ही किसान खेत तैयार करने में जुट गए है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार गन्नें की फसल से अधिक उत्पादन लेने के लिए किसान फसल की बुआई करते समय उन्नतशील प्रजातियों का ही चयन करें। गन्ने की फसल के लिए बसंत कालीन बुआई उत्तम मानी जाती है। बसंत कालीन गन्ने की बुआई करने पर अच्छे परिणाम मिलते हैं। फरवरी से मध्य मार्च तक का महीना बुआई के लिए उत्तम रहता है। हालांकि किसान मार्च अंत तक भी गन्नें की बुआई करते हैं। बसंतकालीन बुआई करने के लिए किसान इस समय खेत की तैयारी करने में जुट गए हैं। किसान वीर सिंह, हेरन्द्र कुमार, कपिल आदि ने बताया कि क्षेत्र के किसानों के लिए गन्ने की फसल बेहद प्रिय होती है। गन्ने की फसल काफी मेहनत के बाद तैयार होती है। खेत को तैयार करने के अलावा खेत में बीज की बुआई करने के लिए काफी मजदूर की आवश्यकता होती है। कृषि विशेषज्ञ डॉ. संदीप कुमार ने बताया कि गन्ने की बुआई में उन्नतशील एंव रोगरोधी गन्ना प्रजातियों को चुनना चाहिए।और अधिक मुनाफा कमाने के लिए गन्ने के साथ सहफसली खेती भी करनी चाहिए। ट्रेंच विधि को अपनाकर सह फसली खेती को भी आसानी से किया जा सकता है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि गन्ने के बीज को उपचारित करने के बाद ही उसकी बुआई करें।

### कलियर से लापता किशोर के मामले में अपहरण का मुकदमा दर्ज

रुड़की संवाददाता. क्षेत्र से एक किशोर के लापता होने के मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के किलकिली साहब बस्ती निवासी मो. इरफान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका 13 वर्षीय पुत्र सोयब 22 जनवरी को घर से बिना बताए कहीं चला गया था, जिसके बाद से वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। परिजनों के अनुसार 28 जनवरी को एक मोबाइल नंबर से कॉल आई, जिसमें कॉल करने वाले व्यक्ति ने सोयब को दिल्ली में बताया। बाद में उसी व्यक्ति ने किशोर के अपने पास होने से इनकार कर दिया। पीड़ित पिता ने पुलिस से अपने पुत्र की जल्द तलाश किए जाने की मांग की है। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि मामले में अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और किशोर की तलाश की जा रही है।

### रुड़की में आठ घंटे बिजली कटौती से 20 हजार उपभोक्ता बेहाल

रुड़की संवाददाता. रुड़की में रविवार को लंबे शटडाउन ने शहर के 20 हजारों उपभोक्ताओं की मुश्किलें बढ़ा दीं। बिजली गुल रहने से न सिर्फ दैनिक कामकाज प्रभावित हुआ, बल्कि मोटर न चलने के कारण कई इलाकों में पानी का संकट भी खड़ा हो गया, जिससे लोगों को दिनभर परेशान होना पड़ा। ऊर्जा निगम ने रविवार को आगामी गर्मियों को देखते हुए शहर में बिजली की लाइनों की मरम्मत का काम किया गया। इसके चलते करीब आठ घंटे शहर के चार प्रमुख फीडर बंद रखे गए। बदले मौसम के चलते फरवरी के पहले सप्ताह में ही लोगों को गर्मी का अहसास होने लगा है। गर्मी में सबसे अहम चीज बिजली होती है। ऐसे में गर्मियों में उपभोक्ताओं को कोई परेशानी न उठानी पड़े, इसे लेकर ऊर्जा निगम की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसके तहत रविवार को शटडाउन लेकर निगम ने नगर में जगह-जगह बिजली की लाइनों की मरम्मत करने और लाइनों पर आ रही पेड़ की टहनियों की लोपिंग-चोपिंग का काम किया। इसके लिए विभाग ने नगर के चार फीडर डिवीजन फीडर, जादूगर फीडर, मूलदासपुर फीडर और पीटीडब्लू फीडर बंद रखे। इससे इन फीडरों से जुड़े नगर विगम, सिंचाई वर्कशॉप, विशाल मेगा वाट, हरिद्वार रोड, प्रेम मंदिर रोड, 16 सिविल लाइंस, अग्रवाल मार्केट, मूलदासपुर माजरा, बढेढी राजपुताना, दौलतपुर, शांतरशाह, बहादरपुर सैनी आदि इलाकों में सप्लाई प्रभावित हुई।

### ड्रेनेज सिस्टम को सुदृढ़ बनाने के लिए मेयर ने किया मौका मुआयना

कोटद्वार संवाददाता. शहर के ड्रेनेज सिस्टम को सुदृढ़ बनाने के लिए मेयर ने सफाई निरीक्षकों के साथ शहर के प्रमुख स्थलों का निरीक्षण किया। कुछ जगहों पर खामियां मिलने पर तत्काल सुधार के निर्देश दिए। आगामी मानसून सत्र को देखते हुए वर्षा जल निकासी व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का मेयर शैलेंद्र सिंह रावत ने आकलन किया और फिलहाल आमजन को हो रही समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मेयर को कई जगह नालियां अवरुद्ध मिलीं। स्लैब टूटे मिले, गंदगी के जमाव के साथ जलभराव की स्थिति मिली। मेयर ने नगर निगम अधिकारियों को चिह्नित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने, नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने और आवश्यक जगहों पर मरम्मत एवं सुधार कार्य तत्काल करने के निर्देश दिए।

# रुड़की में महिला मोर्चा की बजट चौपाल

रुड़की संवाददाता. रुड़की के सुभाष नगर में भाजपा महिला मोर्चा ने रविवार को 'बजट चौपाल' आयोजित किया। मुख्य वक्ता डॉ. जानकी नौटियाल ने केंद्रीय बजट के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला और बताया कि यह कदम देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने में सहायक होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मधु सिंह ने की। उपस्थित महिलाओं ने राष्ट्रीय गान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बजट से जुड़े संदेशों को सराहा। कार्यक्रम में मुख्य



वक्ता के रूप में प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा डॉ. जानकी नौटियाल ने संबोधित किया। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. मधु सिंह ने की। वक्ताओं ने कहा कि यह बजट देश को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मोदी सरकार की नीतियों को विकासोन्मुख बताते हुए कहा कि बजट से सभी वर्गों को लाभ मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन, वंदे मातरम् और स्वागत गीत के साथ हुई, जबकि समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष रोमा सैनी, प्रदेश मीडिया सह-संयोजक सावित्री मंगला, पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा प्रतिभा सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष संदीप पुरी सहित कई पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में नंदा ऐरी, वीरमती यादव, रश्मि चौधरी, मंजू रावत, ममतेश चाहल, आरती बहुखंडी, तृप्ति कंसल, कमला बमोला, बृजेश शर्मा, हेमा बिष्ट, अनुराधा, पुष्पा ऐठानी और संगीता सैनी आदि मौजूद रहीं।

## गंगा किनारे किशोर की हत्या मामले में केस दर्ज, तीन दोस्तों से पूछताछ

हरिद्वार संवाददाता. कनखल क्षेत्र में गंगा किनारे किशोर की निर्मम हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने रविवार को अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। झाड़ियों में मिले शव के सिर पर गहरी चोट के निशान मिलने के बाद पुलिस ने हत्या की पुष्टि की है। पुलिस के अनुसार, बीते शनिवार की शाम सूचना मिली कि श्रीयंत्र मंदिर घाट के सामने गंगा किनारे झाड़ियों में किशोर का शव पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराने का प्रयास किया। कुछ देर बाद पहुंचे परिजनों ने मृतक की पहचान कुणाल (15) पुत्र रोहितास निवासी लक्सर हाल निवासी लाटोवाली कनखल के रूप में की। पुलिस जांच में सामने आया कि कुणाल कढ़ी-चावल की दुकान पर काम करता था। वह शुक्रवार शाम करीब छह बजे घर से निकला था, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार को उसका शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। किसी भारी वस्तु से किया गया था वार पुलिस के अनुसार, घटनास्थल की स्थिति और सिर पर गंभीर चोट के निशान देखकर आशंका जताई जा रही है कि किसी भारी वस्तु, संभवत: पत्थर से वार कर किशोर की हत्या की गई। एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इस रिपोर्ट के आधार पर मौत के सही कारण पता चल सकेंगे। किशोर के तीन दोस्त पुलिस हिरासत में दूसरी तरफ, पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शुरुआती जांच में कुछ परिचितों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है, जिसके चलते मृतक के तीन दोस्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### यतींद्रानंद गिरि की जूना अखाड़े में वापसी

हरिद्वार संवाददाता. श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर श्रीमहंत यतींद्रानंद गिरि का निष्कासन हटा दिया गया है। जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत मोहन भारती ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों कथित रूप से अखाड़ा विरोधी गतिविधियों के चलते महामंडलेश्वर यतींद्रानंद गिरि को निष्कासित किया गया था। अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्रीमहंत हरि गिरि के निर्देश पर वरिष्ठ सभापति श्रीमहंत प्रेमगिरि की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की गई। इस समिति में वरिष्ठ सभापति श्रीमहंत उमाशंकर भारती, महामंत्री श्रीमहंत महेश पुरी, राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि और श्रीमहंत निरंजन भारती को शामिल किया गया। जांच में पाया गया कि यतींद्रानंद गिरि पर लगे आरोप भ्रामक और तथ्यहीन थे। जांच समिति की संस्तुति के आधार पर निष्कासन खत्म करते हुए उनको जूना अखाड़े में दोबारा शामिल किया गया।

# नाले के अधूरे निर्माण काम से लोग परेशान, प्रदर्शन किया

हरिद्वार संवाददाता. ज्वालापुर विस क्षेत्र के वार्ड-35 कड़च्छ में बड़े नाले का पुनर्निर्माण पिछले पांच महीनों से अधूरा पड़ा है। ग्रामीण निर्माण विभाग की कार्यदायी संस्था और ठेकेदार ने सड़क तोड़कर काम शुरू तो किया, लेकिन बीच में ही छोड़ दिया। नतीजा यह है कि आज पूरा इलाका परेशानी, गुस्से और असुरक्षा के साए में जी रहा है। इससे नाराज स्थानीय लोगों ने रविवार को प्रदर्शन किया। उनके अनुसार, टूटी सड़क, खुला नाला और चारों ओर बिखरा मलबा, यही आज कड़च्छ की पहचान बन गई है। स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं जान जोखिम में डालकर आवाजाही करने को मजबूर हैं। कई लोग गिरकर घायल भी हो चुके हैं, जबकि वाहन घरों तक पहुंचना लगभग बंद हो गया है। लोगों का कहना है कि अंसारी मार्केट से कड़च्छ तक नाले की टेपिंग करीब एक साल पहले पूरी हो गई थी, लेकिन कड़च्छ मोहल्ले में नाले का सुदृढ़ीकरण से लटका हुआ है। जेसीबी से खुदाई के दौरान नाले के किनारे बने कई मकान पहले ही क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। आंबेडकर मूर्ति के पास सड़क तोड़ने के बाद कार्यदायी संस्था निर्माण करना ही भूल गई। प्रदर्शनकारियों ने चेताया कि जब तक नाले का निर्माण पूरा नहीं होता, तब तक धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। इस दौरान सुखलाल, रमेश कुमार, बलजीत, रविंद्र कुमार, मुकेश कुमार, पूरण सिंह, बबलू, मंजीत सिंह, अजीत, चंद्रभान, मोहित कुमार, यशपाल, मधुकांत, विशाल शामिल रहे। नाले के निर्माण में राजनीति का आरोप आक्रोशित लोगों ने राजनीतिक द्वेष के चलते निर्माण रुकवाने का आरोप लगाया। पार्षद अंजू देवी ने कहा कि राजनीतिक कारणों से जानबूझकर धीमी गति से नाला बनाया जा रहा है। नगर निगम और ग्रामीण निर्माण विभाग में शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। लगभग 90 मीटर नाले का निर्माण और टेपिंग बाकी है। डीएम दफ्तर घेरने की चेतावनी वार्ड-33 शास्त्रीनगर के पार्षद सुनील कुमार ने चेताया कि जनता का शोषण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि नाले के निर्माण की मांग शीघ्र पूरी नहीं हुई, तो स्थानीय लोगों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। शासन से मांगी गई है

# मई तक नई टिहरी की 18 किमी सड़कें होंगी चकाचक

नई टिहरी संवाददाता. नगर पालिका नई टिहरी नगर क्षेत्र के लोगों को जल्द ही चकाचक सड़क और सिटी बस सेवा की सौगात देने जा रही है। आगामी अप्रैल में नगर क्षेत्र की 18 किमी सड़कों पर हॉट मिक्स और डामरीकरण का कार्य किया जाना है जिसके लिए नगर पालिका ने अपने संसाधनों से करीब सात करोड़ रुपये की धनराशि जुटा ली है। विधायक निधि से नगर पालिका को एक बस मिलने जा रही है जिसे पालिका सिटी बस के रूप में नई टिहरी-कोटीकालोनी-चंबा रूट पर संचालित करेगी। नगर पालिका बोर्ड गठन के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर नई टिहरी नगर क्षेत्र के लोगों को बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करने जा रही है। नगर क्षेत्र की सड़कों की हालत लंबे समय से खराब है। मरम्मत के अभाव में जगह-जगह गड्ढे हैं जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि नगर पालिका की ओर से पैचवर्क और मरम्मत कार्य भी कराया गया लेकिन इससे स्थायी समाधान नहीं निकल पाया। सड़कों की स्थिति जस की तस बनी है।नगर पालिकाध्यक्ष मोहन सिंह रावत का कहना है कि बोर्ड के पहले वर्ष में बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने बताया कि सड़कों के हॉट मिक्स कार्य के लिए नगर पालिका ने अपने स्तर से धन की व्यवस्था कर ली है। कार्य के लिए लोनिवि को कार्यदायी संस्था बनाया गया है। अप्रैल में कार्य शुरू किया जाएगा और मई में सड़कें पूरी तरह से चाक-चौबंद कर ली जाएगी। नगर क्षेत्र की वर्षों पुरानी ड्रेनेज समस्या के समाधान की दिशा में भी ठोस पहल की है। जल निकासी की व्यवस्था को सुधारने के लिए लगभग 12 करोड़ रुपये की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है जिसे शीघ्र ही शासन को स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। योजना के तहत नगर क्षेत्र के करीब 40 अलग-अलग स्थानों पर क्रॉस ड्रेनेज निर्माण का प्रस्ताव है जिससे बारिश के पानी की निकासी सुचारु रूप से हो सके। वर्तमान में नगर क्षेत्र के कई स्थानों पर नालियां क्षतिग्रस्त होने से चोक हो चुकी है। बारिश के दौरान नालियों का पानी ओवरफ्लो होकर दुकानों और घरों में घुस जाता है।सिटी बस सेवा जल्द होगी शुरू:पालिकाध्यक्ष मोहन सिंह रावत ने बताया कि विधायक किशोर उपाध्याय ने विधायक निधि से पालिका को एक बस के लिए धनराशि दी है। नगर क्षेत्र के लोगों को परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बस का संचालन सिटी बस सेवा के रूप में किया जाएगा। बस नई टिहरी, बौराड़ी, भागीरथीपुरम, कोटीकालोनी, चंबा और बादशाहीथौल के लिए संचालित की जाएगी।

### मल्ली बधाण गांव रोड पर चलाया स्वच्छता अभियान

उत्तरकाशी संवाददाता. शहर की बेहतरी के लिए कार्य कर रहे वालंटियर समूह सशक्त युवा कुटुंब चिन्यालीसौड़ की ओर से मल्ली बधाण गांव रोड स्थित भैरव मंदिर एवं उसके आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मंदिर परिसर और आसपास से शराब की खाली बोतलें, मेडिकल वेस्ट व पॉलीथिन रैपर्स बड़ी मात्रा में एकत्रित किए गए। अभियान के अंतर्गत सशक्त युवा कुटुंब के वालंटियरों ने मंदिर परिसर में दो साइन बोर्ड भी लगाए जिनमें इस पवित्र स्थल को स्वच्छ बनाए रखने और कूड़ा न फैलाने की अपील की गई।

## जिला अस्पताल में 15 दिनों से सीटी स्कैन मशीन खराब

उत्तरकाशी संवाददाता. जिला अस्पताल में विगत 15 दिनों से सीटी स्कैन मशीन में तकनीकी खराबी आने के कारण उसका संचालन बंद पड़ा है। इससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीटी स्कैन जैसी मूलभूत सुविधा के लिए लोगों को देहरादून और ऋषिकेश की दौड़ लगानी पड़ रही है। जनपद में मात्र जिला अस्पताल में ही सीटी स्कैन की जांच की सुविधा उपलब्ध है लेकिन वहां पर भी गत 15 दिनों से सीटी स्कैन मशीन की ट्यूब खराब होने के कारण उसे अभी तक ठीक नहीं किया गया है। इससे अस्पताल में भर्ती मरीजों और जांच के लिए अस्पताल पहुंचने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष प्रदीप रावत का कहना है कि जिला अस्पताल में हर दिन मशीनें खराब हो रही है। कुछ दिन पूर्व एक्सरे की मशीन कई दिनों तक तकनीकी खराबी के कारण बंद रही थी। जनपद चारधाम यात्रा सहित आपदा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण और संवेदनशील है लेकिन उसके बावजूद यहां पर स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधा प्रदेश सरकार की अनदेखी के कारण दम तोड़ रही है। सीएमएस डॉ. पीएस पोखरियाल सीटी स्कैन के कुछ पार्ट्स खराब हैं। उनको चेन्नई से मंगवाया गया है। सोमवार से मंगलवार तक सीटी स्कैन की जांच शुरू कर दी जाएगी।

## सीएम योगी को घंटाकर्ण मंदिर आने का दिया न्योता

नई टिहरी संवाददाता. गजा घड़ियाल डांडा स्थित घंटाकर्ण मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने पौड़ी यमकेश्वर ब्लॉक के पंचूर गांव जाकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को घंटाकर्ण मंदिर का चित्र भेंट कर उन्हें घंटाकर्ण मंदिर आने का न्योता दिया। गत दिनों उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ अपने पैत्रिक गांव पंचूर आए हुए थे। नरेंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के क्वीली पट्टी के घड़ियाल डांडा स्थित प्रसिद्ध घंटाकर्ण मंदिर समिति के अध्यक्ष विजय प्रकाश बिजल्वाण के नेतृत्व में मंदिर समिति पदाधिकारियों ने सीएम योगी के गांव जाकर उन्हें घंटाकर्ण धाम आने का आमंत्रण दिया। इस मौके पर नरेंद्रनगर मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष वीर सिंह रावत, बिहारी लाल गैरोला, अशोक बिजल्वाण, सुशांत गैरोला, दीपक बिजल्वाण, श्यामलाल गैरोला आदि मौजूद थे।

### घमंडपुर में जनसेवा सम्मेलन का आयोजन

कोटद्वार संवाददाता. भाबर के घमंडपुर में जनसेवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। मेयर ने आम जन की समस्याओं के निराकरण के लिए हरसंभव कदम उठाने के प्रति आश्वस्त किया। वहीं, सरकार की योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित किया गया। मुख्य अतिथि मेयर शैलेंद्र सिंह रावत, विशिष्ट अतिथि जिला सहकारी बैंक के उप महाप्रबंधक कृष्ण कैंथोला, मंडल अध्यक्ष आशीष रावत ने कार्यक्रम की शुरुआत की।

### छात्राओं ने किया पतंजलि योगपीठ का शैक्षिक भ्रमण

कोटद्वार संवाददाता. पीएमश्री शहीद लांस नायक धनवीर सिंह राणा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कण्वघाटी की करीब 200 छात्राओं ने एक्सपोजर विजिट के तहत प्रसिद्ध योगपीठ पतंजलि का शैक्षिक भ्रमण किया। उन्होंने पतंजलि योगपीठ के आचार्यकुलम, अनुसंधान भवन, योग भवन, पौधशाला आदि के बारे में जानकारी जुटाई। प्रधानाचार्या पुष्पा धस्माना ने हरी झंडी दिखाकर भ्रमण दल को रवाना किया। दल हरिद्वार स्थित पतंजलि योगपीठ पहुंचा।

## पुरोला पीजी कॉलेज में स्थायी भवन निर्माण की मांग

उत्तरकाशी संवाददाता. बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला में छात्र संघ भवन निर्माण की मांग उठी है। कॉलेज के पास अभी तक अपना स्थायी भवन नहीं है। छात्र संघ से जुड़े पदाधिकारियों ने इस संबंध में यमुना घाटी भ्रमण पर आए जिलाधिकारी प्रशांत आर्य को पत्र सौंपकर उचित कार्यवाही की मांग की। छात्रसंघ अध्यक्ष गोविन्द सिंह ने बताया कि छात्र संघ भवन का निर्माण अनिवार्य है ताकि छात्र संघ पदाधिकारी विद्यार्थियों की समस्याएं सुन सकें और छात्र हितों से जुड़े विषयों पर नियमित चर्चा कर सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में छात्रसंघ के पास कोई स्थायी भवन नहीं है जिससे छात्र समस्याओं के समाधान और संवाद में कठिनाई हो रही है। इसके साथ ही छात्र संघ द्वारा शासन स्तर पर भी पत्राचार किया गया है। भवन के निर्माण से छात्र गतिविधियों को सुव्यवस्थित करने में सहायता मिलेगी और छात्रों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो सकेगा। इस दौरान छात्रसंघ उपाध्यक्ष सलोनी राठौर, चन्द्रकान्ता रावत, रीतिक चुनार, अभिषेक लौथानी, रीतिन नौटियाल, गौतम पंवार, महादेव कंडियाल, अनिला चौहान, काजल चौहान, यशवंत कंडियाल, कपिल कलूड़ा, आयुष कुमार, समीर आदि मौजूद रहे।

## बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

रुद्रप्रयाग संवाददाता. शिवालिक इंस्टीट्यूट एवं होटल परिसर में भाजपा ओबीसी मोर्चा की ओर से रविवार को बजट संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम के साथ हुआ। ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सतीश गोस्वामी ने कहा कि बजट में युवाओं के रोजगार, मैन्युफैक्चरिंग, स्किल डेवलपमेंट, किसानों और मध्य वर्ग के हितों का विशेष ध्यान रखा गया है। भाजपा जिला महामंत्री अरुण चमोली ने बजट को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। ब्लॉक प्रमुख अगस्तमुनि भुवनेश्वरी देवी एवं अनिल कोठियाल ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में व्यापार संघ अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह नेगी, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष यशवीर सिंह चौहान, नगर मंडल अध्यक्ष अगस्त मुनि मनोज राणा, योगेश सेमवाल, बिंदी लाल, रामचंद्र गोस्वामी, पुष्कर रावत, नीरज मलासी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि श्रीनंद जमालोकी, प्रमिला देवी और सरला भट्ट आदि मौजूद रहे।

## सार्वजनिक शौचालयों में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीनें लगाई

रुद्रप्रयाग संवाददाता. महिलाओं की सुरक्षा और स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए नगर पालिका प्रशासन ने शहर के प्रमुख सार्वजनिक शौचालयों में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीनें लगाई हैं। यह व्यवस्था केदारनाथ तिराहे और नए बस अड्डे स्थित शौचालयों में शुरू की गई है। नगर पालिका अध्यक्ष संतोष रावत ने बताया कि नगर पालिका महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीरता से कार्य कर रही है। बोर्ड के निर्णय के बाद शहर के प्रमुख सार्वजनिक शौचालयों में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीनें स्थापित की गई हैं।

### परिवहन विभाग ने किए जनवरी माह में 46 प्रकार के 699 चालान

रुद्रप्रयाग संवाददाता. यातायात नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई करते हुए परिवहन विभाग ने जनवरी माह में 46 प्रकार के 699 चालान किए। सबसे अधिक चालान हेलमेट न पहनने और प्रदूषण मानकों का उल्लंघन करने वालों के किए गए। वायु प्रदूषण पर 105, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने पर 89 और टैक्स रसीद प्रस्तुत न करने तथा गति सीमा का उल्लंघन करने पर 72-72 चालान किए गए। इसके अलावा दोपहिया वाहन बिना हेलमेट के चलाने पर 43, बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के 37, बिना बीमा वाहन चलाने के 29 और परिवहन वाहनों के फिटनेस प्रमाणपत्र न होने पर 27 चालान किए गए। वाहनों पर एचएसआरपी नंबर प्लेट न होना (19), प्राधिकृत आदेशों की अवहेलना (18), बिना वैध परमिट परिवहन वाहन चलाना (15) तथा ध्वनि प्रदूषण नियमों के उल्लंघन (10) पर भी चालान किए गए। संभागीय परिवहन अधिकारी धर्मेंद्र बिष्ट ने बताया कि अभियान के दौरान ओवरलोडिंग, ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने, मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने, गलत लेन में वाहन चलाने, बिना सीट बेल्ट और बिना रजिस्ट्रेशन वाहन चलाने जैसे मामलों पर भी सख्ती बरती गई। प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सभी दस्तावेज साथ रखें।

## बाइक सवार दो युवक घायल

चमोली संवाददाता. रविवार दोपहर को बदरीनाथ हाईवे पर मंडी समिति के समीप एक कार की ओर से बाइक को ओवर टेक करने के चक्कर में बाइक को टक्कर लग गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों को उपजिला अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को घर भेज दिया गया। थानाध्यक्ष राकेश चंद्र भट्ट ने बताया कि मामले में किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं दी गई है।

### मास्टर प्लान के कार्य संपन्न होने की बाद बदरीनाथ प्राधिकरण संभालेगा जिम्मा: डीएम

चमोली संवाददाता. बदरीनाथ मास्टर प्लान के कार्य संपन्न होने के बाद इस नगरी के रखरखाव का जिम्मा बदरीनाथ प्राधिकरण संभालेगा। इसको लेकर शासन में मंथन शुरू हो गया है। केदारनाथ की तर्ज पर बदरीनाथ में भी यह व्यवस्था लागू की जाएगी। बदरीनाथ में मौजूदा समय में मास्टर प्लान के कार्य जारी हैं। पिछले चार साल से बदरीनाथ मास्टर प्लान के कार्य चल रहे हैं। बदरीश झील और शेष नेत्र झील के सौंदर्यीकरण होने के बाद लोक निर्माण विभाग पीआईयू ने इनके रखरखाव का काम नगर पंचायत बदरीनाथ को सौंपने की सिफारिश की, मगर नगर पंचायत ने कार्य की अधिकता के कारण झीलों को लेने से इंकार कर दिया। जिसके बाद यह बात सामने आई कि मास्टर प्लान के कार्य संपन्न होने के बाद इसके रखरखाव का जिम्मा कौन संभालेगा। शासन ने बदरीनाथ मास्टर प्लान के काम संपन्न होने के बाद इसकी देखरेख के लिए पृथक से प्राधिकरण की स्थापना करने का निर्णय लिया है। केदारनाथ की तर्ज पर बदरीनाथ प्राधिकरण का गठन होगा, जो बदरीशपुरी के सौंदर्यीकरण की देखरेख करेगा। साथ ही जरुरत के हिसाब से यहां निर्माण कार्य करेगा। जिलाधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि केदारनाथ की तर्ज पर बदरीनाथ प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। मास्टर प्लान के कार्य संपन्न होने के बाद बदरीनाथ के संरक्षण का जिम्मा प्राधिकरण संभालेगा। शासन स्तर से इस संबंध में काम चल रहा है।

# रामनगर महाविद्यालय में एनसीसी बी प्रमाण पत्र परीक्षा हुई सम्पन्न

रामनगर संवाददाता. पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में एनसीसी 'बी' प्रमाण पत्र परीक्षा शान्तिपूर्ण सम्पन्न हुई। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर को 24 यूके बटालियन एनसीसी अल्मोड़ा व 79 यूके बटालियन एनसीसी नैनीताल इकाई से सम्बद्ध संस्थानों की 'बी' प्रमाण पत्र परीक्षा का परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। 24 यूके बटालियन एनसीसी नैनीताल के कमान अधिकारी कर्नल पी.वी.कुलकर्णी के निर्देशन में परीक्षा का आयोजन 07 व 08 फरवरी को किया गया। पहले दिन प्रायोगिक परीक्षा में कैडेटों की ड्रिल,मेप रीडिंग,वेपन ट्रेनिंग,एफसी-बीसी आदि की परीक्षा ली गई। दूसरे दिन कैडेटों ने लिखित परीक्षा में प्रतिभाग किया।परीक्षा में 24 व 79 यूके बटालियन एनसीसी इकाई के पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर,जीपीपी रामनगर, जीआईसी रामनगर,जीजीआईसी रामनगर, जीआईसी कोटाबाग,दून मार्डन एकेडमी कोटाबाग, जीआईसी कालाढूंगी,एसडीआर रूद्रपुर, आक्सफोर्ड रूद्रपुर,जीएनजीआईसी रूद्रपुर,एम.बी.पीजी कालेज हल्द्वानी व राधे हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय काशीपुर के एसडी व एसडब्ल्यू कैडेटों ने प्रतिभाग किया। परीक्षा में कुल पंजीकृत 382 परीक्षार्थियों में से 368 कैडेट उपस्थित रहे जबकि कुल 14 कैडेट परीक्षा में अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान एनसीसी नैनीताल के ग्रुप कमांडर कोमोडोर बल राजेश सिंह द्वारा परीक्षा केंद्र का निरीक्षण भी किया गया। उन्होंने ने समस्त कैडेटों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर एनसीसी 5 नेवल यूनिट के एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कमांडर अनिल मनहास, प्रभारी प्राचार्य डॉ.दीपक खाती,एएनओ कैप्टन पंकज जैन,कैप्टन भवतोष भट्ट, कैप्टन इन्द्रजीत कौर, लेफ्टिनेंट कृष्णा भारती,लेफ्टिनेंट डी.एन.जोशी,लेफ्टिनेंट हिमानी जोशी, लेफ्टिनेंट संतोष कुमार,सीटिओ दिव्या पाठक,24 यूके बटालियन के सूबेदार मेजर ऑनरेरी लेफ्टिनेंट दिपेन्द्र सिंह,बीएचएम कुलविन्दर सिंह, ,नायब सूबेदार नरेश चन्द्र कापड़ी ,सीएचएम आदर्श, हवलदार हेम चन्द्र, हवलदार जगत सिंह,हवलदार पंकज सिंह,नायक प्रदीप व नायक कश्मीर सिंह आदि मौजूद रहे।



## नेशनल हाईवे 309 पर हाथियों का झुंड, दिनदहाड़े दिखा जंगल का रोमांच

रामनगर संवाददाता. नेशनल हाईवे 309 पर उस वक्त रोमांच और कौतूहल का माहौल बन गया, जब रामनगर से करीब चार किलोमीटर आगे रिंगोड़ा कॉर्बेट पार्क और रामनगर वन प्रभाग से लगे वन क्षेत्र से हाथियों का एक झुंड जंगल से बाहर निकल आया। इस झुंड में वयस्क हाथियों के साथ-साथ नन्हे शावक भी शामिल थे। अचानक सड़क पर हाथियों को देखकर हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और यातायात कुछ समय के लिए पूरी तरह ठप हो गया।हालांकि राहत की बात यह रही कि मौके पर मौजूद वाहन चालकों और पर्यटकों ने संयम और समझदारी का परिचय दिया। किसी भी व्यक्ति ने हाथियों को परेशान करने की कोशिश नहीं की और सभी ने अपने वाहन रोककर शांतिपूर्वक इंतजार किया। हाथियों का झुंड पूरी सतर्कता के साथ सड़क पार करता रहा, जबकि मादा हाथी बच्चों की सुरक्षा में आगे-पीछे चलती नजर आई। यह दृश्य देखने वालों के लिए किसी जंगल सफारी से कम नहीं था।करीब कुछ मिनटों बाद जब हाथियों का पूरा झुंड सुरक्षित रूप से सड़क पार कर जंगल की दूसरी ओर चला गया, तब जाकर यातायात को फिर से सुचारु किया गया। इसके बाद हाईवे पर वाहनों की आवाजाही सामान्य हो सकी। दिन के उजाले में इस तरह हाथियों का सड़क पर आना लोगों के लिए अनोखा अनुभव रहा।हाईवे से गुजर रहे कई पर्यटकों ने कहा कि वे कॉर्बेट पार्क के अंदर हाथियों और अन्य वन्यजीवों को देखने के लिए सफारी बुक कराते हैं, लेकिन आज तो जंगल खुद ही सड़क पर उतर आया। पर्यटकों ने इसे अपने सफर का सबसे यादगार पल बताया और स्थानीय लोगों की समझदारी की भी सराहना की।वन विभाग की ओर से समय-समय पर हाईवे से गुजरने वाले लोगों को सतर्क रहने और वन्यजीवों को किसी भी तरह से परेशान न करने की अपील की जाती रही है।



### ड्रग फ्री देवभूमि" अभियान के तहत पुलिस की कार्रवाई, 103 पाउच अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

रामनगर संवाददाता. उत्तराखंड सरकार के "ड्रग फ्री देवभूमि" अभियान को सफल बनाने के क्रम में रामनगर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशों के अनुपालन तथा पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी रामनगर के पर्यवेक्षण और कोतवाली रामनगर के प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल के जरिए अवैध शराब का परिवहन कर रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मधुवन अंडरपास, पीरूमदारा क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बलदेव सिंह पुत्र काला सिंह, निवासी ग्राम थारी पीरूमदारा, थाना रामनगर, जनपद नैनीताल को गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से कुल 103 पाउच अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधि नियम की धारा 60/72 के तहत एफआईआर संख्या 36/2026 दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।



## कालागढ़ में सोलर फेंसिंग रखर खाव और सुरक्षा को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

रामनगर संवाददाता. कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र कालागढ़ में सोलर फेंसिंग रखर खाव और सुरक्षा को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र कालागढ़ के निदेशक अमित ग्वासिकोटी द्वारा कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत विभिन्न चौकियों ,परिसरों में स्थापित सोलर फेंसिंग के रखरखाव,सुरक्षा पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।प्रतिभागियों से उनके चौकियों में स्थापित सोलर फेंसिंग की स्थिति की जानकारी ली गई।संदीप नारंग और एसके नारंग के द्वारा सोलर फेंसिंग की स्थापना, सोलर फेंसिंग के वायर, पोल, कॉर्नर पोल, अर्थिंग सिस्टम, टूटे इंसुलेटर व ढीली वायर, सोलर पेनल की सफाई, बैटरी मैन्टीनेंश, फेंस लाइन की सफाई आदि पर प्रकाश डालते हुए सोलर फेंसिंग के रखरखाव व छोटी-मोटी कमियों को स्टाफ द्वारा मरम्मत कर सोलर फेंसिंग लाइन को ठीक करने की जानकारी प्रतिभागियों को दी गयी। कार्बेट टाइगर रिजर्व में स्टाफ की सुरक्षा के लिए स्थापित सोलर फेंसिंग के रखरखाव पर विशेष बल दिया गया।द्वितीय सत्र में प्रयोगात्मक प्रशिक्षण के तहत सभी प्रशिक्षणार्थियों को धारा चौकी में स्थित सोलर फेंसिंग के बारे में प्रैक्टिकल जानकारी दी गयी। प्रशिक्षणार्थी सोलर फेंसिंग प्रशिक्षण पाकर स्वयं के ड्यूटी स्थान में स्वयं ही फेंसिंग के रखरखाव के लिए उत्साहित नजर आये। इस दौरान कार्यशाला में कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र के निदेशक अमित ग्वासिकोटी,रेंजर नन्दकिशोर रूबाली,रेंजर इन्द्र सिंह बिष्ट, नवीन चन्द्र पपनै, महेश जोशी,रक्षित पाण्डेय,ललित मेहरा,सुनील कुमार,किशोर चन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहें।



## कभी कभी ऐसे भी मरीज होते है जो वाकई आपके काम को समझते है



रामनगर संवाददाता. रामनगर में बृजेश हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि कभी कभी ऐसे भी मरीज होते है जो वाकई आपके काम को समझते है।ऐसा ही एक मरीज का मामला आया। बीते दिनों सभासद प्रतिनिधि राजा सलमानी के पथरी का ऑपरेशन किया गया। उन्होंने बताया कि ये एक ऐसे सर्जरी है जिसमे बिना किसी चीरे के लेजर द्वारा पथरी निकल जाती है। उन्होंने बताया कि इसमें घबराने की जरूरत नहीं है।वही दूसरी ओर सभासद राजा सलमानी ने बताया कि वह पथरी के दर्द से काफी समय से परेशान थे और उन्होंने कई डॉक्टरों को दिखाया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।बीते दिनों वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर अभिषेक अग्रवाल को दिखाया और उन्होंने इसको समझा और सफल ऑपरेशन कर दिया।उन्होंने बताया कि उनको कोई दर्द भी नहीं हुआ और ना ही कोई चीरा लगाया गया है।सभासद प्रतिनिधि राजा सलमानी ने डॉक्टर अभिषेक अग्रवाल और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया है।

## जबरन शादी का दबाव बनाने का मामला सामने आय

हल्द्वानी संवाददाता. बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के जवाहर नगर इलाके में एक युवक ने युवती से लगातार पीछा करने, छेड़छाड़ करने और जबरन शादी का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर युवक ने युवती पर पत्थर से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई है।बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में पीड़िता की दादी नसीमा पत्नी अनीस अहमद निवासी जवाहर नगर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पौती अदीबा पुत्री फरहान जब भी घर से बाहर जाती थी, तो अन्ना पुत्र जाहिद निवासी गौला गेट जवाहर नगर उसका आए-दिन पीछा करता था और रास्ते में छेड़छाड़ करता था। युवक युवती को जबरन उठाकर शादी करने और जान से मारने की धमकी भी देता था।घटना सात फरवरी की है, जब युवती घर से सामान लेने निकली थी। आरोप है कि रास्ते में युवक ने उसे रोक लिया और जबरन पकड़कर गौला की ओर ले जाने लगा। युवती ने शादी से इनकार करने पर आरोपित ने पत्थर उठाकर उसके सिर पर वार कर दिया और गाली-गलौच करते हुए मौके से फरार हो गया। घायल युवती का उपचार सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में कराया गया, जहां उसके सिर में गंभीर चोट की पुष्टि हुई है।पीड़िता पक्ष ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड क्रिकेट टीम को रणजी सेमीफाइनल में पहुंचने पर दी बधाई



देहरादून संवाददाता. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड की क्रिकेट टीम को पहली बार रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि राज्य के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और इससे प्रदेश के खिलाड़ियों का मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन को भी इस सफलता में उनके निरंतर प्रयासों और योगदान के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने बेहतर टीमवर्क, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा खेलों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है तथा खिलाड़ियों के लिए आधुनिक खेल सुविधाओं का विकास किया जा रहा है, ताकि प्रदेश के युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड का नाम रोशन कर सकें। मुख्यमंत्री ने सेमीफाइनल मुकाबले के लिए टीम को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि उत्तराखंड की टीम सेमीफाइनल जीतकर फाइनल में प्रवेश करेगी और राज्य का गौरव बढ़ाएगी।

## रेस्टोरेंट खाली कराने के विवाद में कोर्ट के आदेश पर केस

देहरादून संवाददाता. रेस्टोरेंट खाली कराने के विवाद में मकान मालकिन और उसके भाई के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर रायपुर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों पर महिला के पति का डंडा मारकर हाथ तोड़ने, बेटे को पीटने, जान से मारने की धमकी देने और रेस्टोरेंट का सामान खुर्द-बुर्द करने का आरोप है। आमवाला निवासी पूजा रस्तोगी ने न्यायालय में वाद दायर किया था। तहरीर के मुताबिक उन्होंने श्वेता शर्मा से सहस्रधारा रोड पर दुकान किराये पर लेकर डेजा ब्रू नाम से रेस्टोरेंट खोला था। इसमें निर्माण और साजो-सज्जा पर लाखों रुपये खर्च किए। आरोप है कि श्वेता के भाई नितिन पाल ने अज्ञात साथियों के साथ आकर दुकान खाली करने का दबाव बनाया। विरोध करने पर उन्होंने पूजा के पति सौरव रस्तोगी के हाथ पर डंडे से वार कर हड्डी तोड़ दी और बेटे दक्ष को भी बुरी तरह पीटा। पुलिस ने शनिवार को केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

## संक्षिप्त समाचार...

### दो दिवसीय कुमाऊँ दौरे पर रहेंगे कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी

देहरादून संवाददाता. सूबे के कृषि, ग्राम्य विकास एवं सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी सोमवार से दो दिवसीय कुमाऊँ दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे अल्मोड़ा एवं उधमसिंह नगर जनपद का भ्रमण करेंगे। काबीना मंत्री दौरे के प्रथम दिवस अल्मोड़ा में केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर मीडिया से संवाद करेंगे तथा इसके उपरांत वे रुद्रपुर पहुंचकर कृषि विभाग की समीक्षा बैठक लेंगे। मंगलवार को काशीपुर में विकसित भारत जीरामजी की कार्यशाला को सम्बोधित करेंगे और इसी विषय पर पत्रकार वार्ता भी करेंगे। यह जानकारी कैबिनेट मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी ने दी।

### नाबालिग को भगा ले गया आरोपी गिरफ्तार

देहरादून संवाददाता.। नाबालिग किशोरी को प्रेम का झांसा दे भगा ले जाने का आरोपी क्लेमनटाउन थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसओ क्लेमनटाउन मोहन सिंह ने बताया कि किशोरी के पिता ने बीते दिनों केस दर्ज कराया। बताया कि उनकी नाबालिग बेटी बिना बताए घर से लापता हो गई है। मामले में क्लेमनटाउन थाने में केस दर्ज किया गया। लापता किशोरी के दोस्तों से पूछताछ में पता लगा कि वह सुमतपाल उम्र 20 वर्ष निवासी टर्नर रोड, क्लेमनटाउन में संपर्क में थी। पुलिस ने तलाश करते हुए सुमतपाल को आर्मी ग्राउंड चंद्रबनी के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से किशोरी को बरामद किया। बरामदगी होने पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पोक्सो की धाराएं जोड़ी गई हैं।

### कांग्रेस नेत्री के सिर में रेस्त्रां संचालक ने मारी थी करछी

देहरादून संवाददाता. चंद्रबनी चौक स्थित एक कैफे में पार्टी के जश्न के दौरान कांग्रेस नेत्री पर रेस्त्रां संचालक ने करछी से हमला किया था। घटना बीते चार फरवरी की रात है। मामले में पुलिस ने रविवार को तीन आरोपी पकड़े। उनसे पूछताछ में पता लगा कि विवाद की शुरुआत पार्किंग से कार निकालने को लेकर हुई थी। घटना चार फरवरी की रात की है। गांधीग्राम गुरुद्वारा रोड निवासी माही पुत्री हरीश जेटली कांग्रेस की युवा नेता हैं। वह अपने दोस्तों के साथ चंद्रबनी चौक के पास स्थित ब्रू कैफेमें वीकेंड पार्टी मनाने गई थीं। उसी दौरान वहां ब्रह्मपुरी और चंद्रबनी क्षेत्र के कुछ युवक भी पार्टी कर रहे थे। पार्टी खत्म होने के बाद जब आरोपी पक्ष आयुष, पंकज, हिमांशु व अन्य कैफे की पार्किंग से अपनी गाड़ी निकाल रहे थे तभी उनकी गांधीग्राम निवासी सोहेल और तीन अन्य युवकों से बहस हो गई।

## मंत्री गणेश जोशी ने किया देहरादून के वार्ड 05 धोरणखास में विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

देहरादून संवाददाता. कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को देहरादून के वार्ड 05 धोरणखास में करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित होने वाली विभिन्न जनहितकारी विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, जिनकी कुल लागत लगभग 1.50 करोड़ थी। इस अवसर पर काबीना मंत्री ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के संकल्प के साथ कार्य कर रही है तथा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से स्थानीय नागरिकों को बेहतर सड़क, पेयजल, जल निकासी, सौंदर्यीकरण एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का लाभ मिलेगा। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि क्षेत्र में स्वीकृत परियोजनाओं के अंतर्गत सड़क निर्माण एवं मरम्मत, नाली निर्माण, सामुदायिक सुविधाओं का विकास तथा अन्य जनोपयोगी कार्य किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र का



समग्र विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने वार्ड में सीवर लाइन निर्माण एवं पूर्व सैनिक भवन निर्माण के लिए भी घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान राजेश्वर नगर जनकल्याण समिति के पदाधिकारियों, स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने कैबिनेट मंत्री का स्वागत करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए आभार व्यक्त कियाइन योजनाओं का हुआ लोकार्पण एवं शिलान्यास - जलसंस्थान द्वारा राजेश्वर नगर फेज 1 में नलकूप निर्माण (90.15 लाख), एमडीडीए द्वारा राजेश्वर नगर फेज 1 में सामुदायिक भवन का निर्माण (30.12 लाख) सहित विधायक निधि से निर्मित होने वाले माडर्न राजकीय प्राथमिक विद्यालय में टिन शेड एवं कक्ष निर्माण (14.60 लाख), मंदाकिनी विहार ब्लॉक सी में सामुदायिक भवन निर्माण (12. 58 लाख)।

## चारधाम यात्रा और कुंभ के लिए रेलवे पुलिस ने शुरू की तैयारी

कोटद्वार संवाददाता.आपराधिक घटनाओं की रोकथाम और आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से जीआरपी थाना लक्सर, जीआरपी थाना नजीबाबाद (उत्तर प्रदेश), आरपीएफ थाना नजीबाबाद, मुरादाबाद मंडल, कोतवाली कोटद्वार के पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की संयुक्त गोष्ठी आयोजित की गई। वहीं, रेलवे सुरक्षाकर्मियों ने ट्रेन में आकस्मिक चेकिंग की और यात्रियों को आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के प्रति जागरूक किया। पुलिस महानिरीक्षक अपराध एवं कानून व्यवस्था उत्तराखंड के निर्देश पर कोटद्वार जीआरपी चौकी परिसर में बैठक हुई। जीआरपी लक्सर की थानाध्यक्ष रचना देवरानी की अध्यक्षता में हुई गोष्ठी में आगामी चारधाम यात्रा व कुंभ मेला 2027 के दौरान यात्री सुरक्षा से जुड़े बिंदुओं पर मंथन हुआ। ट्रेनों में होने वाली जहरखुरानी, चोरी, छिनौती की घटनाओं, महिला व बच्चों से संबंधित अपराध के तरीकों, कुछ प्रमुख ट्रेनों, वांछितों, शातिरों आदि के संबंध में चर्चा की गई। थानाध्यक्ष रचना देवरानी ने कहा कि सही समय पर सूचनाओं के आदान प्रदान, ट्रेन एस्कॉर्ट ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों का एकदूसरे से व्यापक संपर्क किसी भी आपातकाल की स्थिति से निपटने में महत्वपूर्ण होता है। साथ ही यात्रियों की जागरूकता भी जरूरी होती है। गोष्ठी के बाद समूचे पुलिस बल ने कोटद्वार रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया, आसपास और प्लेटफार्म पर आकस्मिक चेकिंग की। कोटद्वार से नजीबाबाद के बीच संचालित जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन एवं नजीबाबाद से लक्सर के बीच संचालित अन्य ट्रेनों में यात्रियों को जहरखुरानी व ट्रेनों में यात्रा के दौरान होने वाले अपराधों से बचाव के संबंध में जागरूक किया। गोष्ठी एवं अभियान में आरपीएफ नजीबाबाद के थाना प्रभारी व कोटद्वार आरपीएफ से पुलिस बल, जीआरपी थाना नजीबाबाद व लक्सर का पुलिस बल एवं कोटद्वार कोतवाली की बाजार चौकी से पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## 50 शिकायतों की हुई सुनवाई, सात पात्रों को मिला योजनाओं का लाभ

कोटद्वार संवाददाता. दुगड्डा ब्लॉक की न्याय पंचायत पठुड़ अकरा में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दर्ज कुल 50 शिकायतों में से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को विभागवार सूचीबद्ध कर समय सीमा में निस्तारण के निर्देश दिए गए। वहीं शिविर में सात पात्रों को विभिन्न योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत जुड्डा रैडियाल की प्रधान मुबीना बेगम ने उनकी ग्रामसभा में पेयजल संबंधी शिकायत दर्ज कराई। वर्ष 1985 से चरेख पेयजल योजना से गांव को पेयजल की नियमित आपूर्ति हो रही थी। वर्तमान में पाइप लाइन ग्राम गहड के नाम से जल जीवन योजना में शामिल करा दी। जल स्रोत का पानी उक्त पाइप लाइन में नहीं दिया गया है। उन्होंने पाइप लाइन को जल स्रोत से जोड़ने व अवशेष बिलों के भुगतान पर रोक लगाने की मांग की। शिविर की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम कोटद्वार संदीप कुमार ने कहा कि शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान मौके पर ही हो रहा है।

# एक खूबसूरत प्रेम कहानी से कहीं ज्यादा है दो दीवाने सहर में : संदीपा धर



संजय लीला भंसाली के बैनर तले रोमांटिक ड्रामा दो दीवाने सहर में का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। यह फिल्म आधुनिक रिश्तों, भावनात्मक उलझनों और आज की तेज रफ्तार भरी जिंदगी में प्यार की बदलती परिभाषाओं को संवेदनशील तरीके से पेश करती है, जो एक साथ निजी भी हो और बेहद रिलेटेबल भी। ट्रेलर रिलीज होते ही दर्शकों में चर्चा का विषय बन गया है। यह फिल्म मुंबई की चमक-दमक वाली जिंदगी में दो ऐसे लोगों की कहानी बताती है जो अपनी कमियों से जूझते हुए प्यार ढूंढते हैं। ट्रेलर में संदीपा धर की छोटी लेकिन प्रभावशाली एंट्री ने खासा ध्यान खींचा है। भले ही उनका स्क्रीन टाइम कम हो, लेकिन हर फ्रेम में उनका कॉन्फिडेंस और मजबूत प्रेजेंस साफ दिखता है। एक सीन में अभिनेत्री हरे रंग की खूबसूरत ड्रेस में और दूसरे में सिंपल-एलीगेंट लुक में नजर आ रही हैं।संदीपा ने अपने स्क्रीन प्रेजेंस से उत्सुकता का तड़का लगाया है। उनकी मौजूदगी फिल्म के अर्बन और रोमांटिक मूड के साथ अच्छी तरह घुलमिल गई है। उनकी संयमित और सधी हुई एक्टिंग से लगता है कि संदीपा का किरदार भावनात्मक गहराई वाला है, जो फिल्म में आगे चलकर खुलकर सामने आएगा।संजय लीला भंसाली जैसे बड़े फिल्ममेकर के साथ काम करना संदीपा के करियर का महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने अब तक ऐसे रोल चुने हैं, जो उन्हें एक बेहतर एक्ट्रेस के रूप में आगे ले जाते हैं। इसी कड़ी में दो दीवाने सहर मेंं से उनका जुड़ाव कंटेंट-ड्रिवन और लेयर्ड सिनेमा की ओर उनके सोच-समझकर किए गए कदम को दर्शाता है।संदीपा ने फिल्म को लेकर कहा, फिल्म दो दीवाने सहर में का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास अनुभव रहा है। मृणाल, मेरी रोशनी, तुम्हारी परफॉर्मेंस में इतनी ईमानदारी और संवेदनशीलता है कि कई बार मैं भूल जाती थी कि तुम अभिनय कर रही हो। वहीं, रवि उदय सर, आप पलों को ऐसे कैद करते हैं कि मैं उन्हें महसूस करती हूं। अभिरूचि आनंद और पूरी टीम को शुक्रिया।हालांकि, फिल्म में संदीपा के किरदार से जुड़ी जानकारी को गोपनीय रखा गया है, लेकिन ट्रेलर देखकर पता चलता है कि फिल्म में अभिनेत्री को एक फ्रेश, कॉन्फिडेंट और खूबसूरत अंदाज में देखा जाएगा।

# स्वयंभू के मेकर्स का बड़ा ऐलान! निकिल सिद्धार्थ स्टारर फिल्म 13 फरवरी को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के कुछ बेहतरीन टेक्निशियन और क्रिएटर्स डायरेक्टर भरत कृष्णमाचारी, केजीएफ और सलार के म्यूजिक डायरेक्टर रवि बसरूर, बाहुबली और आरआरआर के सिनेमैटोग्राफर के.के. सेंटिल कुमार, बाहुबली के एडिटर तम्मिराजू और कई अन्य प्रतिभाशाली कलाकार, सब मिलकर इस बड़ी फिल्म को बना रहे हैं, जिसकी शूटिंग 170 दिनों तक चली। फिल्म को पिक्सल स्टूडियोज के भूवन और श्रीकर ने प्रोड्यूस किया है।दिन की सबसे बड़े ऐलान का वक्त आ गया है, क्योंकि कार्तिकेय फ्रेंचाइज के पीछे चेहरा रहे निखिल सिद्धार्थ अब एक अलग ही अंदाज की ऐतिहासिक महागाथा स्वयंभू के साथ लौट रहे हैं। हम देखते हैं कि वो बिल्कुल शानदार और भव्य अंदाज में नजर आ रहे हैं, और फिल्म का ऐलान भी एक रैप-अप वीडियो के जरिए किया गया है, जो किसी प्रोजेक्ट को पेश करने का सच में अनोखा तरीका है। इसमें फिल्म की भव्यता, दमदार एक्शन, शानदार स्टार कास्ट और एक आम आदमी की उस महाकथा की झलक मिलती है, जो आगे बढ़कर एक योद्धा बन जाता है।निखिल, जिन्होंने पैन-इंडिया सुपरहिट कार्तिकेय 2 से पूरे देश में पहचान बनाई, अब अपनी महत्वाकांक्षी 20वीं फिल्म स्वयंभू के साथ फिर से दर्शकों को बांधने आ रहे हैं। बड़े पैमाने पर बन रही यह ऐतिहासिक एक्शन फिल्म भरत कृष्णमाचारि द्वारा निर्देशित है, और इसे भूवन और श्रीकर पिक्सेल स्टूडियोज के तहत बना रहे हैं, जबकि टैगोर मधु इसे पेश कर रहे हैं। बेहतरीन प्रोडक्शन वैल्यू और दमदार पैन-इंडिया सोच के साथ, स्वयंभू निखिल की अब तक की सबसे खास फिल्मों में से एक बन रही है।आज मेकर्स ने बड़ा अपडेट दिया है, यह बताते हुए कि इस भव्य फिल्म का शूट आधिकारिक तौर पर पूरा हो चुका है। दो साल की मेहनत और 170 दिनों की लंबी शूटिंग के बाद, टीम ने गर्व के साथ इसकी समाप्ति की घोषणा की है। भारत के समृद्ध इतिहास और उसकी अनन्त शान को सलाम करने वाली यह एपिक फिल्म स्वयंभू इस महा शिवरात्रि यानी 13 फरवरी 2026 को दुनिया भर के थिएटर्स में रिलीज होने जा रही है।इस अनुभव को चुनौती भरा और रोमांचक बताते हुए, निखिल ने राइज ऑफ स्वयंभू नाम के रिलीज डेट अनाउंसमेंट वीडियो में इस सफर के बारे में बात की, जिसमें दुनिया बनाने और फिल्म के भव्य निर्माण की झलक मिलती है। जो एक फिल्म के रूप में शुरू हुआ था, वह जल्दी ही एक बड़े विश्व में बदल गया, जिसे कई एकड़ में बने विशाल सेट्स और शानदार मेहनत से तैयार किया गया। करोड़ों की लागत और प्रोड्यूसर भूवन और श्रीकर की पूरी लगन के सहारे, टीम एक ही लक्ष्य लेकर आगे बढ़ी और वो थी इस अनोखी कहानी को बड़े पर्दे पर शानदार तरीके से पेश करना।भारत की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी स्वयंभू उन कहानियों में जाती है जो अब तक कहीं नहीं बताई गई, ऐसी बातें जो सिर्फ राजा-महाराजाओं और युद्धों की आम कहानियों से कहीं आगे बढ़ती हैं। इसके बीच में एक ऐसे जबरदस्त योद्धा की गाथा है, जिसकी बहादुरी ने एक पूरा समय बदल दिया। वीडियो में निखिल अपने घोड़े मारुति को भी दिखाते हैं और बताते हैं कि उनकी बड़ी फिल्म बनाने में किस शानदार टीम ने मेहनत की है।

# इशिका तोरिया को मिला बड़ा मौका, वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स ने किया साइन



भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री की अभिनेत्री और मॉडल इशिका तोरिया ने अपने करियर के सफर में एक नया मुकाम हासिल किया है। उन्हें इंडस्ट्री की जानी-मानी म्यूजिक कंपनी वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी ने एक्सक्लूसिव तौर पर साइन किया है। यह कदम उनके करियर के लिए बेहद अहम है। यह साइनिंग उनके लिए और कंपनी दोनों के लिए फायदे का सौदा साबित हो सकता है।इशिका तोरिया ने अपने करियर की शुरुआत साल 2015 में एक बाल कलाकार के रूप में की थी। उन्होंने धीरे-धीरे इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाई और गुजराती फिल्म इंडस्ट्री में भी अपनी अलग छाप छोड़ी। इशिका ने दो गुजराती फिल्मों- लव नो भवाड़ो और 3 चक्करम में अभिनय किया। इसके अलावा, उन्होंने 80 से ज्यादा गुजराती म्यूजिक वीडियोज में काम किया और कुछ पंजाबी गानों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।अलग-अलग क्षेत्रों के काम ने उन्हें इंडस्ट्री में लोकप्रियता दिलाई। इशिका केवल फिल्मों और म्यूजिक वीडियोज तक सीमित नहीं रही। वह कई रैंप शोज और फैशन इवेंट्स का हिस्सा रह चुकी हैं, जहां उनके स्टाइल को लोगों ने काफी सराहा। उनके पास कला और फैशन दोनों का शानदार अनुभव है। इसी अनुभव के दम पर उन्होंने इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाई है।इशिका के अनुभव और मेहनत को देखते हुए वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के एमडी रत्नाकर कुमार ने कहा, इशिका तोरिया में टैलेंट, मेहनत और स्क्रीन प्रेजेंस का बेहतरीन कॉम्बिनेशन है। उन्होंने कम उम्र में इंडस्ट्री में लंबा सफर तय किया है। हमें पूरा भरोसा है कि वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के बैनर तले वह और भी बेहतरीन प्रोजेक्ट्स करेंगी और दर्शकों को पसंद आएंगी।वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के साथ इस नई साझेदारी पर इशिका ने अपनी खुशी जाहिर की और कहा, वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स जैसी बड़ी और प्रतिष्ठित म्यूजिक कंपनी के साथ एक्सक्लूसिव तौर पर जुडना मेरे लिए गर्व की बात है। मैं रत्नाकर कुमार सर का दिल से धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। आने वाले समय में मैं दर्शकों के लिए कुछ खास और यादगार काम लेकर आऊंगी। भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में इस साइनिंग को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। इशिका तोरिया के नए म्यूजिक और एंटरटेनमेंट प्रोजेक्ट्स का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# महापंचायत में उमड़ी भीड़, अंकिता हत्याकांड के आरोपी वीआईपी की गिरफ्तारी की उठाई मांग

देहरादून संवाददाता. अंकिता भंडारी प्रकरण पर उत्तराखंड में गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस मामले में आज कांग्रेस समेत 40 संगठनों ने की सजा दिए जाने की मांग है। इस दौरान सुरक्षा में किसी तरह की चूक न हो इसका ध्यान रखते हुए भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई



देहरादून परेड ग्राउंड में महापंचायत का आयोजन किया है। अंकिता भंडारी प्रकरण को लेकर कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक संगठनों ने भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।रविवार को सुबह 10 बजे से राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन, आंदोलनकारी संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एकत्रित होने शुरू हो गए थे। आंदोलनकारी मंच की संरक्षक कमला पंत ने बताया अंकिता भंडारी हत्याकांड में वीआइपी के नाम के खुलासे की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों को फांसी।अंकिता के माता-पिता भी पहुंचे: वक्ताओं ने अंकिता हत्याकांड के आरोपी वीआईपी की गिरफ्तारी की मांग को प्रमुखता से उठाया। बारी - बारी से विभिन्न संघठनों के पदाधि कारियों ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन उत्तराखंड महिला मंच की पदाधिकारी निर्मला बिष्ट ने किया। पूर्व सीएम हरीश रावत और अंकिता के माता पिता भी शामिल हुए।वीआईपी को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन एक साथ: कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि वर्तमान जांच केवल वीआईपी को बचाने के लिए की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इंडिया गठबंध न इस जांच को पूरी तरह खारिज करता है। रावत ने कहा कि जन भावनाओं के अनुरूप, उच्चतम न्यायालय की देखरेख में सीबीआई जांच होनी चाहिए। उनका आरोप है कि शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर की जा रही सीबीआई जांच पूरी तरह छलावा है। हरीश रावत ने आगे कहा कि इस केस में जिस शिकायतकर्ता की शिकायत को आधार बनाकर जांच की जा रही है, वह सरकार द्वारा प्रायोजित है। उन्होंने उत्तराखंड में अंकिता भंडारी हत्याकांड के बाद महिलाओं की सुरक्षा पर लगातार डाका, उनके साथ दुर्व्यवहार और दुष्कर्म की घटनाओं को रेखांकित किया। रावत ने कहा कि इसमें कामकाजी महिलाएं भी शामिल हैं। रावत ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में देहरादून जिले में तीन महिलाओं की हत्या की गई। उनका कहना था कि यह दर्शाता है कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सरकार विफल है। भाकपा (माले) के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में भाजपा सरकार शुरू से वीआईपी बचाने की कोशिश करती आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जांच में संदिग्ध रूप से एक व्यक्ति को शिकायतकर्ता बनाया गया है, जिसका अंकिता के परिवार से कोई संबंध नहीं, न ही वह पीड़ित या पक्षकार है। उनका कहना था कि यह पूरी कोशिश सीबीआई जांच के जरिए वीआईपी को बचाने की है।

## संक्षिप्त समाचार...

### युवाओं को भड़का रहे हैं कुछ लोग: दर्शन भारती

देहरादून संवाददाता. अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत करते हुए देवभूमि रक्षा अभियान के संस्थापक स्वामी दर्शन भारती ने गहरी साजिश की आशंका जाहिर की है। स्वामी दर्शन भारती का मानना है कि अंकिता हत्याकांड की आड़ में कुछ लोग नेपाल की तरह ही देवभूमि उत्तराखंड के नौजवानों (जेन-जी) को भड़का कर प्रदेश का माहौल खराब करना चाहते हैं। उन्होंने ऐसे लोगों को चेताते हुए कहा कि वे उनके मंसूबों को कभी पूरा नहीं होने देंगे।

### जीआईसी किशनपुर में एनएसएस शिविर में छात्रों ने दिया नशा मुक्ति का संदेश

देहरादून संवाददाता. राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) किशनपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हो गया। राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बापू नगर (जाखन) में आयोजित इस शिविर में 65 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम अधि कारी दिगपाल सिंह मियां के नेतृत्व में छात्रों ने राष्ट्रीय एकता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक कुरीतियों, महिला सशक्तिकरण और नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान पार्षद संजय नौटियाल, रणवीर सिंह पंवार, गंगा अधिकारी, महताब सिंह यादव और अमित रावत आदि मौजूद रहे।

### मेधावी छात्रों को मेडल और नकद पुरस्कार देकर किया सम्मानित

देहरादून संवाददाता. अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा-2025 के विजेताओं को सम्मानित किया गया। रेसकोर्स स्थित प्रकाशानंद आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में जनपद स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी, मेडल, प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में शांतिकुंज से आए सुधीर श्रीपाद और प्रदेश प्रभारी जय सिंह यादव ने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को संबोधित कर भारतीय संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देव संस्कृति विश्वविद्यालय के संरक्षण में होने वाली यह परीक्षा बच्चों को नैतिक मूल्यों और अपनी संस्कृति से जोड़ती है। संचालन राधाकृष्ण सेमवाल और पुरस्कार वितरण क्षेत्रीय संयोजक गंभीर सिंह फरस्वाण ने किया।

# ट्रिपल इंजन से डोईवाला में विकास को मिली रफ्तार: त्रिवेंद्र

ऋषिकेश संवाददाता. नगर पालिका परिषद डोईवाला में वर्तमान पालिका बोर्ड के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर सम्मान समारोह एवं लाभार्थी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पर्यावरण मित्रों को सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के लाभार्थियों को चेक एवं आवास की चाबी दी गई। रविवार को डोईवाला स्थित नगर पालिका




परिषद परिसर में कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि केंद्र, राज्य और नगर निकाय तीनों स्तरों पर भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार कार्य कर रही है, जिसका सीधा लाभ डोईवाला नगर को मिल रहा है। कहा कि स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने में पर्यावरण मित्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनका सम्मान पूरे समाज का सम्मान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छता और आवास से जुड़ी योजनाओं ने गरीब एवं मध्यम वर्ग के जीवन में सम्मान और स्थायित्व प्रदान किया है। डोईवाला नगर पालिका द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए प्रयास अन्य नगर निकायों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। विशिष्ट अतिथि विधायक बृजभूषण गैरोला ने कहा कि ट्रिपल इंजन सरकार के कारण क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिली है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण मित्र नगर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनके समर्पण से ही नगर स्वच्छ एवं सुंदर बन रहा है। राज्य सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। पालिकाध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि पालिका बोर्ड के एक वर्ष के कार्यकाल में स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। पर्यावरण मित्रों के सम्मान से उनका मनोबल बढ़ेगा और स्वच्छता अभियान को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाना तथा नगर को स्वच्छ, सुंदर और आदर्श बनाना पालिका का निरंतर प्रयास है। इस दौरान पर्यावरण मित्रों को सम्मानित किया गया एवं प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के लाभार्थियों को चेक एवं आवास की चाबी दी गई। मौके पर पालिका अधिशासी अधिकारी एमएल शाह आदि उपस्थित रहे।

# हंस बाल महोत्सव में अमित सागर और छात्रों ने बिखेरी सतरंगी छटा

कोटद्वार संवाददाता. हंस अस्पताल सतपुली में आयोजित चौथे हंस बाल मेले में लोकगायक अमित सागर और छात्र-छात्राओं को सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सतरंगी छटा बिखेरी। रविवार को अस्पताल के हेलिपैड मैदान में हंस बाल मेले का आयोजन हुआ। महोत्सव का उद्घाटन हंस अस्पताल के डॉ. राम सिंह रावत, डॉ. प्रकाश पांडेय, डॉ. गौरव और बाबा मंगला ने किया। लोकगायक अमित सागर की ओर से फ्योंलडिया त्वै देखिकी... , नाच मेरी बीरा..., चौता कि चौत्वाली...,धना तेरी नौ कि माला..., घुंघरू बाजि गे... सरीखी प्रस्तुति ने हर किसी को झूमने पर मजबूर कर दिया। अस्पताल प्रबंधन द्वारा हंस अस्पताल सतपुली, हंस आई केयर हरिद्वार और हंस अस्पताल हरिद्वार के स्टाफ को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए और महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले दो दर्जन विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। बाल मेले में नौनिहालों और स्थानीय प्रतिभाओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने के लिए क्षेत्र के 24 स्कूलों के डेढ़ हजार से अधिक विद्यार्थी समेत स्थानीय ग्रामीण पहुंचे थे। कार्यक्रम का संचालन गणेश खुगशाल ने किया। हंस अस्पताल के यूनिट हेड पंकज मोहन शर्मा, सीनियर मैनेजर गरिमा त्रिपाठी, आईटी हेड मुकेश रावत, प्रशासनिक अधिकारी सचिन कुमार, थानाध्यक्ष सतपुली पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

### आठवें वेतन आयोग में पूर्व सैनिकों ने अपना अपना प्रतिनिधित्व मांगा

देहरादून संवाददाता. पूर्व सैनिक संघर्ष समिति की बैठक में 8वें वेतन आयोग में पूर्व सैनिकों का एक प्रतिनिधि शामिल करने की मांग की गई है। बैठक में ओआरओपी-दो की विसंगतियों पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भविष्य में ऐसी दोहराव न हो। इसके लिए आयोग में उनका पक्ष सुना जाना अनिवार्य है। क्लेमेनटाउन स्थित वेल रोड पर रविवार को समिति के अध्यक्ष कैप्टन आलम सिंह भंडारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पूर्व सैनिकों ने स्थानीय नेताओं और अधिकारियों के व्यवहार पर गहरी नाराजगी जताई। अध्यक्ष ने कहा कि मंचों पर तो पूर्व सैनिकों के हित में बड़ी-बड़ी बातें की जाती हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक संजीव पंत द्वारा जेल रोड, हल्द्वानी, नैनीताल उत्तराखण्ड से प्रकाशित एवं चिराग पब्लिकेशन जेल रोड, हल्द्वानी नैनीताल से मुद्रित। **सम्पादक - राजेश पंत**
फोन नं0- 05946-254443 प्रसार प्रबंधकः वसीम अहमद , आर एन आई नं.: UTTHIN/2010/36647 email: jokhimhaldwani2013@gmail.com
ताज़ातरीन खबरों व सही जानकारी के साथ समाचार को विस्तार से पढ़नें के लिए लागआन करें हमारा newsportal:. jokhimnews.com